# चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार, मशरूका बरामद

नवभारत न्यूज

**बैतूल/सारणी, 10 फरवरी. सूने आवास मे चोरी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।**

टीआई जयपाल इवनाती ने कहा कि एसपी के जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी सारणी सुश्री प्रिंयका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस द्वारा क्षेत्र मे हुई चोरी कि घटना में संलिप्त 05 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। टीआई श्री इवनाती ने बताया कि 2 फरवरी को फरियादी सतीश पिता दयाराम धुर्वे उम्र 38 साल निवासी सतपुड़ा आईटीआई के पास थाना सारणी ने रिपोर्ट किया कि एक फरवरी 26 की रात करीब 1.00 बजे उसने अपने सूने घर क सीसीटीवी कैमरे चेक किया, जिसमें दो चोर उसके घर के अंदर घुसकर चोरी करते दिखे। फरियादी सारणी अपने घर आया तब तक अज्ञात चोर उसके घर में रखा एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगन, एक

जोड़ी सोने के कान के झुमके, एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी के सिक्के, 05 हाथ घड़ी और नगदी 01 लाख 05 हजार रुपए नही मिले जिन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिस पर थाना सारणी मे फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र 31/26 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया । मामले की मे विवेचना आरोपी अनुराग पिता कुंजीलाल पस्तारिया उम्र 53 साल निवासी ग्राम भारकच्छ थाना बरेली जिला रायसेन हाल पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नर्मदापुरम से पूछताछ करने पर बताया कि उसके साथ उसके साथ प्रवीण लांजीवार और कासिफ खान ने मिलकर फरियादी से घर से जेवरात चोरी करके अपने साथ ले गए थे, बाद मुख्य आरोपी कासिफ उर्फ सोहेल खान और प्रवीण लांजीवार को मंडीदीप रायसेन से गिरफ्तार किया, एवं जप्तशुदा सोने के गहने प्रवीण की मां चंद्रकला लांजीवार से एवं चांदी के जेवर यूसुफ उर्फ बिट्टू खान से जप्त कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों को दिनांक 09.02.2026 को गिरफ्तार किया एवं जिन्हें दिनांक 10.02.26 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया.

जाएगा पकडे गये आरोपी प्रवीण उर्फ अन्ना पिता भैयालाल लांजीवार उम्र 27 साल निवासी बगीचा कॉलोनी वार्ड क्र. 01 मंडीदीप जिला रायसेन,कासिफ उर्फ सोहेल पिता असलम खान उम्र 30 साल निवासी आयशर कंपनी के सामने थाना सतलापुर, मंडीदीप जिला रायसेन,अनुराग पिता कुंजीलाल पस्तारिया उम्र 53 साल निवासी ग्राम भारकच्छ थाना बरेली जिला रायसेन हाल पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जिला नर्मदापुरम,यूसुफ उर्फ बिट्टू पिता नईम बेग उम्र 39 साल निवासी बंगाली कॉलोनी आदमगढ़ थाना कोतवाली जिला नर्मदापुरम,चंद्रकला पति भैयालाल लांजीवार उम्र 50 साल निवासी बगीचा कॉलोनी वार्ड क्र.01 मंडीदीप जिला रायसेन शामिल है.आरोपिया चंद्रकला से एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगाल, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, अनुराग से एक चांदी का कमरबंद, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया, एक जोड़ी चांदी के कड़े, चांदी का सिक्का, और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटर साइकिल और यूसुफ उर्फ बिट्टू से एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की मोटी पायल, एक जोड़ी चांदी की पायल, और कासिफ उर्फ सोहेल की यामाहा एफजेड मोटर साइकिल,04 मोबाइल फोन और 2 हाथ घड़ी बरामद किया है.मामले का खुलासा करने मे थाना प्रभारी जयपाल इनवाती,निरीक्षक आबिद अंसारी अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ,उपनिरीक्षक मनोज उईके चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, उनि नितिन उईके,प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके आरक्षक सुभाष मंडलोई, राकेश करपे, मोहित भाटी, रवि मोहन दरसिमा, दीपेंद्र और बलराम शामिल है.

# चोरी करने वाली 3 महिला आरोपी हुई गिरफ्तार

**बैतूल। कोतवाली पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाली 3 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी का माल बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया.**

जहां से न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी कर आरोपियों को जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर 2025 को फरियादी भवानी प्रसाद पिता स्व. गंगाप्रसाद मालवीय, (67) निवासी वार्ड नंबर 10 कृष्णपुरा टिकारी, बैतूल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके सूने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा मकान का ताला तोड़कर पुराने इस्तेमाली सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, मोती, चांदी की पायल, करधन, 43 इंच एलजी कंपनी का टीवी एवं अन्य गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान चोरी गए माल की लगातार तलाश-पतारसी करते हुए ओझाढाना गंज बैतूल क्षेत्र की संदिग्ध महिलाओं को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह कबाड़ बिनते समय टिकारी क्षेत्र में एक मकान पर कई दिनों से ताला लगा देख, 31 अक्टूबर की रात्रि में फरियादी के मकान का ताला तोड़कर चोरी की गई। पुलिस ने आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

# शराब दुकानें बंद कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 10 फरवरी. जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरावां में संचालित देशी शराब की दुकान ग्रामीणों के लिए गंभीर सामाजिक समस्या बन गई है.**

ग्रामीण महिला संगठन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए शराब की दुकान को तत्काल निरस्त करने अथवा गांव के बीच से हटाकर आबादी से बाहर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है. महिलाओं का आरोप है कि लंबे समय से गांव के बीच संचालित देशी शराब की दुकान के कारण पूरे गांव का माहौल बिगड़ चुका है. बताया गया कि शराब के नशे में धुत लोग आए दिन गाली-गलौज, मारपीट और उत्पात मचाते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है.

> महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण पारिवारिक कलह बढ़ रही है और बच्चों पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है. ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में नशे के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की मौत तक हो चुकी है. शराब के नशे में वाहन चलाने से ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ी हुई है. महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब दुकान के आसपास स्थित मंदिर और इंटर कॉलेज का रास्ता इसी दुकान के सामने से होकर जाता है. शराबियों की भीड़ के कारण छात्राओं को विद्यालय जाने में भारी परेशानी होती है.

# जंगल के नाले में बनाई जा रही थी अवैध शराब

## पुलिस दबिश में दो गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त, हजारों का लहान किया नष्ट

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई देखने को मिल रहा है। जहां विगत दिनों माधौगढ़ सहित जिले के अन्य इलाकों में पुलिस ने दबिश देते हुए अवैध रूप से बनी शराब को जब्त किया.**

तो वहीं कदवाया पुलिस ने मंगलवार को ग्राम श्यामगढ़ में दबिश दी, जहां जंगल में नाले के किनारे आरोपियों द्वारा अवैध रूप से हाथ भट्टी की शराब का निर्माण किया जा रहा है। जिसे पुलिस ने नेस्तनाबूत कर दिया। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही करीब 55 लीटर हाथ भट्टी की शराब सहित करीब दो हजार लहान बरामद किया गया। जिसे बाद में पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। दरअसल पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम श्यामगढ जंगल के नाले में हाथ भट्टीयों पर कच्ची शराब अवैध रुप

से उतार रहे है। सूचना पर से थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा टीम गठित कर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये ग्राम श्यामगढ में दविश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी पुष्पेन्द्र पुत्र विजय राम गुर्जर निवासी ग्राम श्यामगढ, पवन पुत्र विजयराम गुर्जर निवासी ग्राम श्यामगढ शराब बनाते हुये मिले एवं उनके पास श्यामगढ नाले से आरोपीयों के कब्जे से 04 प्लास्टिक की केनों में पृथक-पृथक कुल 55 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमती करीवन 8250 रुपये को पुलिस द्वारा जप्त की गई। इसके अलावा जब पुलिस ने आसपास नाले एवं जंगल से करीवन 02 हजार लीटर लाहन कीमती करीवन 20 हजार रुपये का नष्ट किया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया आरोपीगण द्वारा पूछताछ पर उक्त शराब किन्ते उर्फ कुलविन्दर सरदार, रंजीत सरदार एवं सित्ते उर्फ सुरजीत सरदार निवासी ईशागढ के लिये बनाना वताया। जिस आधार पर प्रकरण में उक्त तीनों को भी आरोपी बनाया गया एवं आरोपीयों के विरुद्द अपराध क्र16/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी भी हो रहे गिरफ्तार

पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध चल रही मुहिम में जहां अवैध शराब के ठिकाने ध्वस्त किये जा रहे है। तो वहीं इन स्थानों पर शराब बनाने वालों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। गौर करने वाले बात ये है कि जहां विगत दिनों पुलिस द्वारा सिर्फ शराब अवैध अड्डे को मिटाया जाता था और आरोपी भाग जाते थे, लेकिन इस बार की कार्रवाई में आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ रहे है। मंगलवार की कार्रवाई में थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन, सहायक उप निरीक्षक रुमाल सिंह, प्रधान आरक्षक रामसिंह, अरविंद रघुवंशी, विनोद यादव, आरक्षक रवि राणा, शैलेन्द्र चौहान, धर्मेन्द्र दांगी की सराहनीय भूमिका रही।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

**मंगलवार को आए 132 आवेदन**

**कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 132 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे। जनसुनवाई में आये संबंधित तहसील एवं जनपदों के आवेदन निराकरण के निर्देश संबंधितों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए। जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी कृष्णभान सिंह आदिवासी द्वारा पट्टा दिलाए जाने, अशोकनगर निवासी विनोद अहिरवार द्वारा एम्बुलेंस सेवा में पुन नियुक्त करने, ग्राम ढोढिया निवासी सबीता बाई अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम करख्या निवासी चंदन सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने, ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी गुलाबचंद जैन द्वारा भूमि से कब्जा हटाए जाने, ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी संगीता अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम रांठ निवासी मोहन सिंह द्वारा सीमांकन कराए जाने, नईसराय निवासी मुन्नीबाई द्वारा आवास एवं रोजगार दिलाए जाने, ग्राम चारौदा निवासी तोरन सिंह आदिवासी द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने, अशोकनगर निवासी सुनीता बाई द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राचार्य को हटाने एबीवीपी का अनिश्चितकालीन धरना

नवभारत न्यूज

**हरदा, 10 फरवरी 2026** स्वामी विवेकानंद शा. महाविद्यालय में मंगलवार को एबीवीपी ने प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू किया। कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ मिलकर कॉलेज का मेन गेट बंद कर दिया। दोपहर में प्राचार्य कक्ष में घुसने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प भी हुई।

प्राचार्य डॉ. संगीता बिले और अन्य प्राध्यापक एबीवीपी के कार्यकर्ताओं से मिलने आए, लेकिन छात्रों ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया।

इसके बाद एसडीएम अशोक डेहरिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय,एसडीओपी शालिनी परस्ते और तहसीलदार राजेंद्र पंवार मौके पर पहुंचे। मुख्य गेट पर

व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से हवन भी किया। एबीवीपी के सदस्यों ने कहा कि जब तक प्रभारी प्राचार्य को नहीं हटाया जाता, उनका धरना जारी रहेगा। वहीं प्राचार्य डॉ.संगीता बिले ने कहा कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कक्ष और आईटी सेल बंद करा दिया है, जिससे शासकीय कार्य में बाधा आई। उन्होंने बताया कि वे इस संबंध में कलेक्टर से शिकायत की । साथ ही शिकायत की प्रतिलिपि थाने में भी दी।

# कार में लगी आग, कूद कर बचाई जान

- मंगलवार की दोपहर नादान घाट के समीप हुआ हादसा
- फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार पूरी तरह हुई स्वाहा

नवभारत न्यूज

**इछावर 10 फरवरी.** मंगलवार को भैरूंदा मार्ग स्थित नादान घाट पर उस वक्त बड़ा हादसा टल गया जब तेज रफ्तार कार में अचानक आग लग गई. चालक ने आनन- फानन में कार रोकी और उसमें सवार लोगों ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई. हादसे में कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है.

इछावर भेरुंदा मार्ग स्थित नादान घाट पर मंगलवार दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लग गई. कार में सवार लोगों ने कूदकर

अपनी जान बचाई. आग लगने के बाद कार सवार लोगों ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. हालांकि, फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन टीम के विलंब से पहुंचने के कारण कार को काफी नुकसान हुआ है. आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है. घटना के बाद मार्ग पर दोनों ओर से आ रहे वाहन रुक गए थे. यह भी ज्ञात नहीं हो पाया है कि कार में कौन लोग सवार थे.

# ट्रांसफार्मर में रिटर्न करंट आने से लाइन मैन झुलसा

**सारनी। नगर के सेंट्रल बैंक के पास जियो के ट्रांसफार्मर में करंट आने से लाइनमेन बुरी तरह झूलस गया है। गंभीर रूप से घायल होने पर एमपीईबी हॉस्पिटल में प्राथामिक इलाज के बाद बैतूल रेफर किया है.**

मंगलवार को दोपहर 12 बजे के आसपास सेंट्रल बैंक के पास जियो कंपनी के ट्रांसफार्मर में मीटर लगाते समय अचानक रिटर्न करंट आने की वजह से बुरी तरह झूलस गया है। मौके पर काम करने वाले कर्मियों ने तत्काल एमपीईबी हॉस्पिटल मे प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल भेजा गया है। बताया जाता है कि विद्युत कंपनी मे ठेके पर काम करने वाले शिवकुमार जियो कंपनी के ट्रांसफार्मर के पास स्मार्ट मीटर लगाते समय रिटर्न करंट आने कि वजह से पीठ एवं पैर बुरी तरह जल गया है। बताया जाता है जियो के ट्रांसफार्मर पर मीटर लगाने से पहले लाइन बंद कर दी थी.

# खनिज टीम पर हमला करने वाले बना रहे पुलिस पर दबाव

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खजिन विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ कुण्डेश्वर मार्ग पर स्थित मिनौरा में अवैध खनन की सूचना पर कार्यवाही करने पहुंचे। इसी दौरान इस टीम पर खनन माफियाओं ने हमला बोल दिया। खनिज अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पांच नाम दर्ज पर एफआईआर करके मामले को विवेचना में ले लिया है। वहीं खनिज विभाग की टीम पर हमला करने वाले लोग अब पुलिस पर दबाव बना रहे है। उनका मानना है कि पुलिस पर दबाव बनाने से खनिज विभाग की टीम पर मामला दर्ज हो जाएगा।जबकि खनिज अधिकारी विपुल रावत ने बताया कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास सुरक्षित है। हालांकि पुलिस ने खनिज अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर की, तो वहीं ग्रामीणों की शिकायत को जांच में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन अपनी खनिज टीम के साथ अवैध मुरम एवं रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं। इसी तारतम्य में भी मिनौरा क्षेत्र में टीम कार्यवाही करने पहुंची थी। कार्यवाही के दौरान पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़वाने के लिए आरोपियों ने दबाव बनाया जब अधिकारी नहीं माने तो उन्होंने मारपीट की। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने कहा है कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास सुरक्षित है। हालांकि मिनौरा निवासी आरोपी चंदू आदिवासी ने आरोप लगाया है कि खजिन अधिकारी एवं इंस्पेक्टर ने उसके साथ मारपीट की है। उसने बताया कि इसी कारण उसके सिर में चोट आई। दोपहर से लेकर देर शाम तक पुलिस मामले की तहकीकात में लगी रही। हालांकि देर शाम पुलिस ने खनिज अधिकारी विपुल रावत की शिकायत पर आरोपी अरविन्द राय, रवि राय, नीरज सिंह, जितेन्द्र राय निवासी कुण्डेश्वर सहित चंदू आदिवासी मिनौरा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है .

**आक्रोश** | लगाई अधिकारियों की क्लास, बोले- 'मैं भी इंजीनियर हूं, यह घटिया काम नहीं चलेगा'

# सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार देख भड़के इंजीनियर विधायक

नवभारत न्यूज

**गुना। बमोरी विधानसभा क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट गुना-फतेहगढ़-पाड़ोन स्टेट हाईवे के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल का गुस्सा फूट पड़ा। लंबे समय से मिल रही भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की शिकायतों के बीच, जब विधायक स्वयं फतेहगढ़ क्षेत्र से गुजर रहे थे, तब उन्होंने अपनी आंखों से सड़क निर्माण में निर्धारित मटेरियल की जगह काली मिट्टी डाली जाती देखी।**

यह देखते ही विधायक ने तत्काल अपना काफिला रुकवाया और मौके पर मौजूद ठेकेदार के

इंजीनियर व कंसल्टेंसी इंजीनियर को बुलाकर उनकी जमकर क्लास लगा दी।

विधायक ऋषि अग्रवाल ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता का हवाला देते हुए अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और कड़े लहजे में कहा कि वे स्वयं एक इंजीनियर हैं और उन्हें सड़क निर्माण की बारीकियों का पूरा ज्ञान है। उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि क्या सड़क के प्रावधानों में काली मिट्टी डालने की अनुमति है? विधायक ने मौके पर ही रोड में आ रहे क्रैक्स और तकनीकी खामियों को उजागर करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र में जनता के पैसे की बबार्दी और भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक के तल्ख तेवरों और तकनीकी सवालों के सामने दोनों इंजीनियरों ने अपनी गलती स्वीकार की और भविष्य में ऐसी चूक न होने का आश्वासन दिया। विधायक ने स्पष्ट किया कि 62 किलोमीटर लंबी यह सड़क करीब 180 करोड़ रुपये का बड़ा प्रोजेक्ट है, जो गुना जिले को राजस्थान सीमा से जोड़ती है। यह बमोरी विधानसभा की सबसे लंबी और महत्वपूर्ण सड़क है, इसलिए इसकी गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कंसल्टेंसी की भूमिका पर भी सवाल उठाए कि यदि वे गुणवत्ता नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं, तो उनकी नियुक्ति का कोई अर्थ नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने भी विधायक को गुणवत्ता सुधारने का भरोसा दिलाया है। भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए विधायक ऋषि अग्रवाल ने क्षेत्र के जागरूक युवाओं की एक विशेष टीम गठित की है, जो इस सड़क के निर्माण कार्य की लगातार निगरानी करेगी और जहां भी गड़बड़ी दिखेगी, उसकी सूचना सीधे विधायक को देगी.

# देवरी में पत्नी के प्रेमी ने की थी हत्या

नवभारत न्यूज

**सागर 10 फरवरी. जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 माह से लापता युवक की हत्या के आरोपी पत्नी के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक प्रिंस पिता राजेश वाल्मीकि 22 वर्ष निवासी लक्ष्मी नगर बहेरिया 20 अगस्त 2025 से देवरी से लापता था. घटना दिनांक से ही देवरी पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी/आरोपियों की तलाश हेतु गंभीरता से विवेचना की जा रही थी. पुलिस द्वारा सभी संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच की गई, जिसमें तकनीकी साक्ष्य, सामाजिक जानकारी, पारिवारिक पृष्ठभूमि, मोबाइल लोकेशन, पूछताछ एवं गोपनीय सूचनाओं को लगातार संकलित किया. जांच मे यह तथ्य सामने आया कि मृतक की पत्नी के अपने प्रेमी सोहेल खान निवासी गांधी वार्ड देवरी के साथ अवैध संबंध थे. इसी अवैध संबंधों के चलते पति-पत्नी के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती थी, पुलिस विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी प्रेमी ने साजिश के तहत मृतक को पहले दिनभर शराब पिलाई, उसके पश्चात सिर पर पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी तथा साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को देवरी क्षेत्र स्थित एक स्कूल ग्राउंड में दफना दिया.

### नर्स हत्याकांड के आरोपी पर 10 हजार का इनाम

शाहगढ़ थाना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स दीपशिखा चढ़ार की पिस्टल से गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपी सुशील आठ्या 7 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से दूर है जिसको जिला पुलिस द्वारा फरार इनामी आरोपी घोषित कर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया है. मालूम हो कि 7 दिन पूर्व स्टाफ नर्स दीपशिखा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाते समय ग्राम मुड़िया थाना पनागर जिला जबलपुर के आरोपी युवक सुशील चढ़ार ने पिस्टल से गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी जो कि मृतिका का मौसेरा भाई बताया गया था. आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों और ग्रामवासियों ने एनएच पर शव रखकर जाम लगाया था.